# वागड़ संदेश

Title Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-215 | सागवाड़ा, मंगलवार, 12 अप्रैल, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## आदिवासी महासमिति की बैठक हुई

**सागवाड़ा।** आदिवासी महासमिति जिला डूंगरपुर की बैठक आदिवासी छात्रावास सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता राजमल रोत ने की। मुख्य अतिथि एडवोकेट सुन्दर लाल परमार थे। विशिष्ट अतिथि गटुलाल डेंडोर, ईश्वरजी कटारा व गमेती विजयपाल रोत थे। जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष को मंथन शिविर आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई। झोथरी ब्लॉक दशरथ बरंडा, सीमलवाड़ा ब्लॉक रतनलाल कोटेड ,सागवाडा बापू लाल रोत गमेती, गलियाकोट ब्लोक अमृत लाल अहारी , डूंगरपुर बंशी लाल कलासुआ, दौवड़ा अमृतलाल परमार ,चिखली गणेश लाल कलासुआ, बिछीवाड़ा कारी लाल रोत, आसपुर रमेश खराडी, साबला कालू भाई को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

## महिला सफाई कर्मचारियों को हुआ स्थाईकरण

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा में 10 महिला सफाई कर्मचारियों ने अपने 2 साल का प्रोबेशन काल पुरा होने पर मंगलवार को उन्हें स्थाईकरण का आदेश दिया गया। नखर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर में सफाई की कमान संभाल रही इन 10 महिलाओं को पालिका की ओर से मिला स्थाईकरण आदेश उनकेक्षलिये बड़ा तोहफा है। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि महिला सफाईकर्मी नानी, पुष्पा, रेखा, नैना, कल्पना, पुष्पा, तुलसी, रानी , पुष्पा और निशा को

कोर्ट के आदेशानुसार 14 दिसंबर 2018 को नगर पालिका में नियुक्त दी थी। 1 अप्रैल2022 को इनका परीवीक्षा काल पूर्ण हो चुका है। इस दौरान इनकी सेवाएं संतोषजनक पाई गई। जिसके चलते इनका स्थाईकरण किया गया है।इस दौरान

उपधाक्ष्य राजू मामा, पार्षद गटा, अशोक रोत, विशाल यादव, इन्द्रजीत मकवाणा, दिनेश गुप्ता, लादू गवारिया, फारुख मोहम्मद, इस्माइल बिल्ला, करण हरिजन, डायालाल पाटीदार और प्रदीप जोशी सहित जिनेन्द्र जैन, रोशन व्यास सहित मौजूद रहे।

## सागवाड़ा गायत्री शक्तिपीठ में शुरू हुआ तीन दिवसीय 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ

### प्रमुख शैलबाला दीदी का मिलेगा सानिध्य, 14 को राज्यपाल आएंगे

**सागवाड़ा।** गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में गायत्री परिवार की ओर से तीन दिवसीय 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आज से आगाज हो गया। इधर गायत्री यज्ञ के शुरू होने के बाद पूरा गायत्री पीठ मंत्रोच्चरण की गूंज उठा। इधर कल अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख शैलबाला दीदी की मौजूदगी में गायत्री परिजनों और साधकों को दीक्षा दी जाएगी। गायत्री परिवार की ओर से आज श्रीराम नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में तीन दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ , गायत्री मंदिर और प्रज्ञेश्वर महादेव के पाटोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान शांतिकुंज हरिद्वार की केंद्रीय टोली के नायक ठाकुर के निर्देशन में देवता आव्हान के साथ 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ शुरू हुआ। गायत्री यज्ञ में श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी । इस दौरान यज्ञ स्थली वैदिक मंत्रोच्चरण से गूंज उठी। इधर इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण लाल पंड्या ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के तहत कल अखिल विश्वगायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख शैलबाला दीदी और देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या का शक्ति पीठ में आगमन होगा। इस दौरान शैलबाला दीदी के सानिध्य में 1008 दीपक से दीप यज्ञ किया जाएगा। जिसके बाद दीदी का प्रवचन होगा। वही उन्होने बताया की राज्यपाल सहित कई हस्तिया इस कार्यक्रम के साक्षी होंगे। गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण लाल पंड्या ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन 14 अप्रैल को राज्यपाल कलराज मिश्र सहित कई हस्तिया शामिल होंगी। उन्होंने बताया की कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, अर्जुन बामणिया, राज्यसभा सांसद महाराज कुंवर हर्षवर्धन सिंह, लोकसभा सांसद कनकमल कटारा, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा,उच्च शिक्षा राज्य मंत्री गांधीनगर गुजरात के प्रोफेसर डॉक्टर कुबेर भाई डेंडोर सहित कई हस्तिया शामिल होंगे।



## पत्थर से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली ने मजदूर को लिया चपेट में, हादसे में मजदूर की हुई मौत

**डूंगरपुर।**

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बलवाडा गांव में पत्थरों से भरी एक ट्रेक्टर-ट्रोली ने एक मजदूर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल मजदूर की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही ट्रेक्टर-ट्रोली को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया की भंडारियां निवासी प्रभु बरंडा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट में प्रभु ने बताया की उसका भाई 55 वर्षीय बबला बरंडा पुत्र रामा बरंडा पत्थरों की माइंस से पत्थर निकालने का काम करता है। बबला बरंडा बलवाड़ा में माइंस पर पत्थर निकालने गया था। इस दौरान पत्थर निकालकर एक ट्रैक्टर-ट्रोली में भरने के बाद पैदल पैदल वापस अपने घर जा रहा था। उसी समय पत्थरों से भरी वहीं ट्रैक्टर-ट्रोली पीछे से आई और उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेक्टर की टक्कर से बबला बरंडा के सिर, हाथ पैर पर गंभीर चोटें आई। वहा काम कर रहे दूसरे मजदूर उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। डूंगरपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बबला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली थाने से एएसआई योगेंद्रसिह हॉस्पिटल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया।

इधर जिला अस्पताल की मोर्चरी में कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही घटना को लेकर मृतक के भाई प्रभु ने ट्रेक्टर ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से ट्रेक्टर चलाने का केस दर्ज करवाया है। वही पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रोली को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## तीरंदाजों को मिले साढ़े 11 लाख के 3 धनुष और तीर

**डूंगरपुर।** जिले की तीरंदाजी प्रतिभाओं को अब पंख लगेंगे। डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा के मद से तीरंदाजों को नए आधुनिक धनुष मिल गए है, जिससे वे सटीक निशाना लगाकर देश और प्रदेश के लिए कई मैडल जीतकर लाएंगे। विधायक मद के 11 लाख 50 हजार की लागत से तीरंदाजो को 3 आधुनिक धनुष व तीर उपलब्ध करवाए गए है। इधर आधुनिक धनुष पाकर खिलाडियों ने खुशी जाहिर की है। तीरंदाजी एकेडमी खुलने के बाद इस साल 15 तीरंदाजों को एडमिशन दिया गया है। एकेडमी की शुरुआत भी हो गई है। लेकिन आधुनिक धनुष की कमी तीरंदाजी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में बाधा बन रही थी। इधर एकेडमी खुलने के बाद 6 आधुनिक धनुष की डिमांड खेल विभाग को भेजी भी गई थी लेकिन फिर भी खेल विभाग की ओर से तीरंदाजो को आधुनिक धनुष नहीं मिले थे। लेकिन डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने तीरंदाजों की इस परेशानी को समझते हुए उनके लिए नए धनुष और तीर खरीदकर खिलाड़ियों को अपने मद से खरीदकर दिए है। विधायक गणेश घोघरा ने डूंगरपुर तीरंदाजी एकेडमी में ट्रेनिंग लेने वाले तीरंदाजों के लिए 11 लाख 50 हजार रुपए की लागत से 3 धनुष और तीर खरीदे है। ये धनुष नेशनल स्तर की तैयारी के लिए काफी फायदेमंद होंगे। इन धनुष से तीरंदाज अपना सटीक निशाना लगाकर देश के लिए मैडम जीत सकेंगे। विधायक गणेश घोघरा ने प्रधान कांता कोटेड की मौजूदगी में खेल अधिकारी रमेश माहेश्वरी, आर्चरी कोच नरेश डामोर, नानूराम डेंडोर को ये आधुनिक धनुष खेल विभाग को सौंपे हैं। विधायक ने कहा की खिलाड़ियों के लिए किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## पटवारी साथी के साथ हुए अभद्र व्यवहार को लेकर रोष, अभियुक्त को गिरफ्तार करने के की मांग

### पटवार संघ द्वारा जिले के सभी उपखण्ड पर दिये गए ज्ञापन

**सागवाड़ा।** राजस्थान पटवार संघ जिला शाखा डूंगरपुर के लिए गए निर्णय अनुसार तहसील परिसर डूंगरपुर में पटवारी साथी के साथ हुए अभद्र व्यवहार के सम्बन्ध मे भारी रोष व्यक्त करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार करने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया। पटवार संघ जिला मीडिया प्रभारी विनय पुजोत ने बताया की पटवार संघ डुंगपुर जिला अध्यक्ष खेमेश्वर जोशी के आहवान पर सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर उपशाखा द्वारा ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे बताया की वर्तमान में जिले मे पटवारियो के 50% प्रतिशत से अधिक पद रिक्त है और एक पटवारी के पास लगभग 2 से 3 हल्को का चार्ज है



वर्तमान में हमारे जिले में पटवारियों के 50% से अधिक पद रिक्त हैं और एक पटवारी के पास लगभग दो से तीन सर्कलों का कार्यभार है। साथ नामांतरन सम्बन्धित कार्यो के लिए तहसील मे जाना पड़ता है। जिसमे आये दिन ई धरती सर्वर भी दिन में या तो धीरे चलता है या बन्द पड़ा रहता है जिस कारण नामांतरण सहित सभी कार्य प्रभावित होते है। जिसका खामियाजा हमारे पटवारी साथियो को काश्तकार के साथ अभद्र व्यवहार से चुकाना पड़ता है। इन सब विपरीत परिस्थितियों में भी पटवारी राजकीय कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करते हुए पारिवारिक जीवन के उत्तरदायित्वों का कार्यभार भी संभाले हुए हैं। फिर भी 11 अप्रैल को डूंगरपुर तहसील परिसर में एल आर सी आर पी जी पटवारी संजय ननौमा के साथ राजकीय कार्य संपादन में बाधा उत्पन्न करते हुए एक व्यक्ति द्वारा जो अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की गई है इससे जिले के सभी पटवारियों में भारी रोष व्याप्त है तथा पटवार संघ उप शाखा निंदा प्रस्ताव पारित करता है। पटवार संघ अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग के साथ आवश्यक कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग करता है। यदि समय रहते पुलिस द्वारा गिरफ्तारी अमल में नहीं लाई जाती हैं तो पटवार संघ द्वारा जिला मुख्यालय पर दिनांक 14 अप्रैल को ज्ञापन के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उक्त ज्ञापन के दौरान जिले के सभी उपखण्ड पर सागवाडा मुकेश पाटीदार , डुंगरपुर मुकेश खराडी, बिछीवाडा भगवान पटेल, आसपुर पंकज पाटीदार, साबला मनीष चोबिसा,दोवडा,सिमलवाडा, चीखली, झोथरी सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर पतवावरियो द्वारा ज्ञापन दिया गया इस दौरान गिरदावर संघ अध्यक्ष चिराग कोठारी के नेतृत्व मे गिरदावर संघ का भी नैतिक समर्थन रहा।

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए मनरेगा कार्य का समय परिवर्तन की मांग

### पूर्व सांसद भगोरा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**डूंगरपुर।** इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ गर्मी प्रदेश भर में लगातार बढ़ रही है और खासकर वागड़ अंचल में मार्च-अप्रेल में ही तापमान बहुत ज्यादा बढ़ रहा है ऐसी भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन त्रस्त ओर परेशान है ऐसे में जनता की मांग है कि मनरेगा कार्यो का समय परिवर्तन होना चाहिए।इस सम्बंध में पूर्व सांसद व हरियाणा पीआरओ ताराचंद भगोरा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर मांग करी है कि तेज गर्मी के कारण मजदूर दिन भर कार्य करने में असमर्थ है इसलिए मनरेगा कार्य का समय सुबह जल्दी रखा जाना चाहिए और कार्य स्थल पर टेंट, पानी, दवाइयों आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए।

## केन्द्रीय विद्यालय में कोविड टीकाकरण,सांसद कटारा भी पहुंचे



**डूंगरपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोरोना मुक्त भारत का संकल्प साकार करने के लिए भाजपा का समाजिकता सेवा पखवाड़ा के तहत केंद्रिय विद्यालय में 12 से 14 वर्ष के बच्चो कोविड टीकाकरण के लिये शिविर का अवलोकन किया।

केन्द्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल के के चंद्रा और छात्रों ने मुख्य अतिथि सांसद कनकमल कटारा, सभापति अमृत कलासुआ, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पण्ड्या, जिला प्रमुख सूर्या रोत एवं कोरोना टीकाकरण अभियान के जिला संयोजक मुकेश श्रीमाल का स्वागत किया। केंद्रीय विद्यालय में मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शर्मा के निर्देश में डॉ हर्ष शाह,शहरी कार्य प्रबंधक मनीष शर्मा एवम चिराग पण्ड्या द्वारा कोरोना टीकाकरण का शिविर आयोजित किया जिसमें 12 से 14 वर्षों के 58 छात्र छात्राओं का कोविड का टीकाकरण किया।

## दांडी यात्रा का डूंगरपुर में बॉर्डर पर करेंगे स्वागत

### 15 अप्रैल को रतनपुर बॉर्डर से करेगी प्रवेश, सीएम गहलोत, वासनिक और डोटासरा करेंगे अगवानी

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा 15 अप्रैल को डूंगरपुर आएंगे।तीनों नेता राजघाट गुजरात से आने वाली दांडी यात्रा का रतनपुर बॉर्डर पर स्वागत और जनसभा को संबोधित करेंगे।कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने बताया की गुजरात के गांधी आश्रम राजघाट से निकली दांडी यात्रा का 15 अप्रैल को राजस्थान रतनपुर बॉर्डर पर प्रवेश होगा। दांडी यात्रा के स्वागत के लिए ष्टरूअशोक गहलोत, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा समेत प्रदेश के कई मंत्री और नेता डूंगरपुर आएंगे।

## आज कांग्रेस भगवा से परहेज कर रही है तो क्या कल भगवान से भी परहेज करेगी?

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा का करौली दौरा, कांग्रेस पर लगाये आरोप

**करौली।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने करौली दौरे के दौरान कहा कि भगवा तो भगवान का रंग है। यदि आज कांग्रेस भगवा से परहेज कर रही है तो क्या कल भगवान से भी परहेज करेगी? पिछले कुछ दिनों में निकाले गए अलग-अलग आदेशों के माध्यम से गहलोत सरकार षड्यंत्र पूर्वक हिंदू त्योहारों पर पाबंदी लगा रही है। हम सरकार का यह रवैया किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम सच के साथ खड़े हैं और सच के साथ खड़े रहेंगे। नवसंवत्सर के अवसर पर करौली में हुए दंगा प्रभावित क्षेत्रों का वसुंधरा ने दौरा किया। राजे ने कहा कि घटनास्थल तथा पीड़ितों से मुलाकात से यह तो स्पष्ट हो गया कि शांति पसंद करौली कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ही जला था।



सभी जानते हैं कि शोभा यात्रा पर षड्यंत्र पूर्वक पथराव किया गया था। लेकिन कांग्रेस सरकार का यह कैसा न्याय है कि पुलिस ने घायल हुए लोगों पर भी वहीं धाराएं लगा दी, जो प्राण घातक हमला करने वालों पर लगाई गई थी। प्रशासन के इस रवैये से निर्दोष लोग भयभीत है। गहलोत जी ने कहा कि भाजपा के नेता आग लगाने का काम करते हैं। जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी का लक्ष्य सबका साथ और सबका विकास है। सीएम को सोचना चाहिए कि जब सरकार आपकी, पुलिस आपकी, प्रशासन आपका तो फिर दोष भाजपा पर क्यों? सच तो यह है कि पिछले साढ़े तीन सालों में गहलोत सरकार की उपलब्धि यही है कि खुद की हर गलती को पीएम नरेंद्र मोदी जी तथा भाजपा के नेताओं पर डालने का प्रयास करते हैं।

करौली कलेक्टर एवं एसपी को बुलाकर उनसे भी घटना के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी। प्रशासन ने जिस तरह से लोगों के साथ अन्याय किया है, उसे भूला नहीं जा सकता।

## रिफाइनरी सह पेट्रो-केमिकल कॉम्प्लेक्स में पेट्रोलियम बाय-प्रोडक्ट्स आधारित उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना के बाद एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी प्रदेश की सबसे बड़ी परियोजना है। पचपदरा (बाड़मेर) में रिफाइनरी के साथ ही बन रहे पेट्रो-केमिकल कॉम्प्लेक्स से राजस्थान पेट्रोलियम आधारित उद्योगों के हब के रूप में विकसित होगा और यहां बड़ी मात्रा में रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि यहां न सिर्फ तेल निकलेगा, बल्कि इसके साथ-साथ पेट्रोलियम बाय-प्रोडक्ट्स भी निकलेंगे जिससे प्रदेश में निवेश आएगा और विभिन्न उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं पैदा होंगी। गहलोत मंगलवार को राजस्थान रिफाइनरी की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान सहित पूरे प्रदेश के विकास के लिए पेट्रोलियम रिफाइनरी एक बहुत बड़ा सपना है, जिसमें कई बार रूकावटें आईं। क्षेत्र की जनता के लम्बे संघर्ष और हमारी सरकार की कोशिशों के बाद इस परियोजना ने अब गति पकड़ी है जिसे समय पर पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने एचपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संसाधन बढ़ाकर परियोजना के कार्यों को और गति दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना से जुड़े सभी विभागों एवं एचपीसीएल के अधिकारियों को साथ लेकर एक इंटर-डिपार्टमेंटल वर्किंग ग्रुप बनाया जाए ताकि रिफाइनरी के साथ पेट्रो-केमिकल कॉम्प्लेक्स से संबंधित मुद्दों को समय पर हल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने 9 प्रमुख रिफाइनरी यूनिट्स की प्रगति एवं चार प्रमुख पेट्रो-केमिकल यूनिट्स के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही, रिफाइनरी के आसपास औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने एवं ग्रीनरी विकास के कार्यों में गति लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं को यहां छोटी-छोटी इकाइयां लगाने के लिए प्रोत्साहित करने एवं एन्सिलियरी यूनिट्स के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। गहलोत ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना से पश्चिमी राजस्थान के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति सुचारू बनाए रखने एवं यहां आने वाले निवेशकों में भरोसा कायम करने की दिशा में समुचित कदम उठाने, पचपदरा व बालोतरा में भविष्य में नगरीय विकास की संभावनाओं को देखते हुए कार्य योजना बनाने, स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देने एवं रिफाइनरी के बाय-प्रोडक्ट्स के बारे में अधिक से अधिक जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में खान एवं पेट्रोलियम मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि रिफाइनरी का कार्य तय समय में पूरा हो सके इस संबंध में पेट्रोलियम विभाग की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा।



विधायक मदन प्रजापत ने स्थानीय स्तर पर मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के संबंध में सुझाव दिए। मुख्य सचिव ऊषा शर्मा कहा कि रिफाइनरी की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा कई समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किया गया है ताकि कार्य की गति धीमी नहीं हो।